## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 26.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंची, रांची में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत, जमशेदपुर में श्री जगन्नाथ मंदिर की रख रही हैं आधारशिला।**

2. **विधानसभा में ओबीसी छात्रवृति का मामला गरमाया, विधायक जयराम महतो के सवाल पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा– छात्रों के हित के लिए राज्य सरकार गंभीर।**

3. **राज्य के सभी 48 नगर निकायों में कड़ी सुरक्षा के बीच कल सवेरे आठ बजे से होगी मतों की गिनती, सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी।**

4. **होली के मद्देनजर सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे की विशेष व्यवस्था, एक हजार 244 फेरे लगाएंगी विशेष रेलगाडियां।**

5. **रांची के रिम्स में शिशु शल्य चिकित्सा पर कल से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन, देश भर के विशेषज्ञ बच्चों की जटिल सर्जरी और आधुनिक तकनीकों पर करेंगे चर्चा।**

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर जमशेदपुर पहुंचीं हैं। वह कदमा में श्री जगन्नाथ मंदिर की आधारशिला रख रहीं हैं। इसके बाद राष्ट्रपति मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में छात्रों से संवाद करेंगी। इस दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी उनके साथ मौजूद रहे। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

********************

श्री जगन्नाथ मंदिर के शिलान्यास से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। मरीन ड्राइव पर बनने वाला यह मंदिर पुरी के जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति होगा, जिससे शहर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

********************

इससे पहले वायुसेना के विमान से रांची पहुंचीं राष्ट्रपति का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया। इसके बाद राष्ट्रपति एमआई–17 हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के लिए रवाना हो गयीं।

********************

विधानसभा के बजट सत्र में आज ओबीसी छात्रवृत्ति का मामला गरमाया रहा। जेएलकेएम विधायक जयराम महतो ने लंबित छात्रवृत्ति की राशि को लेकर सरकार से जवाब मांगा।

विभागीय मंत्री चमरा लिंडा ने सदन को बताया कि केन्द्रांश प्राप्त नहीं होने के कारण छात्रवृति का भुगतान नहीं हो पाया है लेकिन राज्य सरकार वैकल्पिक व्यवस्था कर रही है।

********************

भाजपा नेता और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने चतरा एयर एम्बुलेंस हादसे के बाद राज्य सरकार की सेवा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि 30 प्रतिशत से अधिक बर्न इंजरी का बहाना बनाकर मरीज को सब्सिडी देने से मना किया गया, लेकिन अधिक किराया देने पर उसी मरीज को ले जाने के लिए कंपनी तैयार हो गई। उन्होंने संबंधित एयर एम्बुलेंस कंपनी पर एफआईआर दर्ज करने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

********************

भारत और इजराइल के बीच मजबूत रणनीतिक संबंधों में असाधारण योगदान के लिए इजराइल की संसद, क्नेसेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के पहले ऐसे नेता हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है। नेसेट अध्यक्ष अमीर ओहाना ने संसद में संबोधन के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी को पदक प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि भारत और इजराइल के बीच अटूट मित्रता को समर्पित है।

********************

राज्य के सभी 48 नगर निकायों में हुए मतदान के बाद कल मतगणना होगी। इसकी सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 8 बजे से सभी केंद्रों पर वोटों की गिनती एक साथ शुरू कर दी जाएगी। पूरे राज्य में मतगणना के लिए 1 हजार 309 टेबल लगाए गये हैं। दोपहर बाद रुझान आने शुरु हो जायेंगे।

********************

ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर निर्माण में देरी पर रेलवे सख्त है। कल आसनसोल के डीआरएम संग्रह मौर्य ने कुमारधुबी स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को दो–टूक चेतावनी दी कि परियोजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। डीआरएम ने काम में तेजी लाने के लिए शिफ्ट बढ़ाने और संसाधनों को दोगुना करने के निर्देश दिए हैं ताकि मालगाड़ियों की आवाजाही जल्द सुगम हो सके। डीआरएम के सख्त निर्देशों के बाद स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण कार्य अब रफ्तार पकड़ेगा।

********************

धनबाद में होली और रमज़ान को लेकर प्रशासनिक सतर्कता बढ़ गई है। टाउन हॉल में आयोजित शांति समिति की बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति किसी भी विजय जुलूस पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

वहीं एसएसपी प्रभात कुमार ने आश्वस्त किया कि जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे और किसी भी तरह की अफवाह या हुड़दंग पर पुलिस की पैनी नजर होगी।

********************

भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार के दौरान सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की भारी भीड़ को कम करने के लिए विशेष ट्रेनें विभिन्न रेलवे जोन में एक हजार दो सौ 44 फेरे लगाएंगी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। रांची ज्वेलरी एसोसिएशन के अनुसार, 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 49 हजार 900 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 95 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

रांची के रिम्स में कल से शिशु शल्य चिकित्सा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हो रहा है। बुद्धा बिरसा एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर के विशेषज्ञ, बच्चों की जटिल सर्जरी और आधुनिक तकनीकों पर चर्चा करेंगे। शिशु शल्य विभाग के अध्यक्ष डा. अभिषेक रंजन ने बताया कि इसका उद्देश्य राज्य में बच्चों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं विकसित करना है।

********************

गोड्डा जिले में आज सुबह बोआरीजोर–बोरियो मुख्य मार्ग पर बांसभीट्टा गांव के पास दो यात्री बसों की आमने–सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है।

**********************